हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

11 83 लाख से होगा गलियों का कायाकल्प, फोड़ा नारियल



12 भक्तों ने स्कंदमाता का गुणगान कर मांगा आशीर्वाद



खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

झज्जर। शहर के बहादुरगढ़ रोड स्थित रासलवाला के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब तीस वर्षीय सोमबीर पुत्र रणबीर के तौर पर हुई है। वह शहर में ही एक बैट्री विक्रेता के पास काम करता था। सोमबीर रात को करीब दस बजे बाइक पर सवार होकर घर से गोयलाकलां जाने की बात कहकर निकला था। सुबह परिजनों को उसके एक्सीडेंट की सूचना मिली। मामले के जांच अधिकारी जिले सिंह ने बताया कि उन्हें रासलवाला के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत की सूचना मिली थी। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे तथा राहगीरों से हादसे की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुराने वाहनों को स्क्रैप न करवाने पर होगी सख्त कार्रवाई

झज्जर। सरकार ने एनसीआर क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की शुरुआत की है। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को जिम्मेदारी निभानी है, ऐसे में वाहन मालिक निर्धारित समय पूर्ण कर चुके वाहनों को स्क्रैप अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि 10 वर्ष पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों को तुरंत स्क्रैप कराने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि नियम न मानने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पड़ोसी की मदद कर रहे व्यक्ति की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत

बहादुरगढ़। किला मोहल्ला में ऊंचाई से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 48 वर्षीय अजय कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वीरवार की सुबह अजय पड़ोसी की साफ सफाई के कार्य में मदद करा रहा था। जब दूसरी मंजिल पर चढ़कर पेड़ को खींच रहा था तो इसी दौरान संतुलन खोकर नीचे गिर गया। उसे काफी चोट आई। अस्पताल में लेकर पहुंचे तो मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई।

4.28 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपी काबू

बहादुरगढ़। पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने हेरोइन सहित 2 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों के खिलाफ सिटी थाने में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की पहचान अजित निवासी बैंक कॉलोनी और अंकित निवासी आर्य नगर के रूप में हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर दोनों पकड़े गए। तलाशी में इनके पास 4.28 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक अस्पतालों में मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

झज्जर। सर्दियों के मौसम की शुरुआत को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश के सभी नागरिक अस्पतालों एवं डिविजनल अस्पतालों के समय में बदलाव किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि अब सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य मरीजों को सुविधाजनक समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नए समय के अनुसार ही अस्पताल में आएं।

बरसात के अलर्ट के बावजूद मंडियों में फसल बचाने के नहीं हुए पर्याप्त इंतजाम, लाखों का नुकसान

समय पर नहीं उठान, बरसात में भीगा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- एक अक्टूबर से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करने का दिया था आश्वासन, आज तक नहीं खरीदा गया एक भी दाना
- लाखों रुपये के तिरपाल भी नहीं बचा पाए फसल, जलभराव होने से सड़क पर रखी बाजरे व धान की सैकड़ों बोरियां व ढेरियां हुई गीली



झज्जर। बरसात के कारण अनाज मंडी परिसर में भीगी बाजरे और धान की फसल।

वीरवार को हुई बरसात के कारण अनाजमंडी में रखी धान व बाजरे की फसल को नुकसान पहुंचा है। मंडी आढ़तियों के अनुसार यह नुकसान अनाज मंडी में अब तक बाजरे की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने के कारण हुआ है। बरसात के बाद उन्होंने मंडी परिसर में बाहर रखी धान व बाजरे की फसल को तिरपाल की सहायता से ढक दिया लेकिन देर तक हुई बरसात के चलते तिरपाल के नीचे से निकले बरसाती पानी के कारण फसलों से भरे बैगों का निचला हिस्सा भीग गया। कुछ स्थानों पर धान से भरी बोरियां भी बरसाती पानी की चपेट में आ गई। किसानों ने कहा कि यदि समय पर सरकारी खरीद होकर उठान हो जाता तो यह नौबत न आती।

मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान विनोद पूनिया ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक बरसात के कारण फसल भीगने से करीब पैंतीस लाख से चालीस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसमें धान की फसल को अधिक नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक अक्टूबर से बाजरे की खरीद शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक खरीद शुरू नहीं हुई है। पिछले दस वर्षों में पहली बार मंडी में इतनी अच्छी गुणवत्ता का बाजरा आया है, इसके बावजूद गुणवत्ता खराब बताकर खरीद से इनकार किया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी हो रही है। बारिश से फसल बचाने के लिए आढ़तियों ने लाखों रुपये के तिरपाल खरीद रखे हैं, लेकिन इसके बावजूद पानी फसल तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि पहले आढ़तियों को ढाई प्रतिशत दामी मिलती थी, जिसे घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। बाजरे की खरीद बंद होने और दामी घटने से आढ़तियों पर दोहरी मार पड़ रही है। उन्होंने सरकार से जल्द बाजरे की खरीद शुरू करने की मांग की।

फुटपाथ के साथ बनी नालियों की सफाई न होने के कारण मंडी में पैदा हुई जलभराव की स्थिति

आढ़ती यूनियन के प्रधान विनोद पूनिया ने बताया कि इसके अलावा अनाजमंडी शुरू से होने से पहले ठेकेदार द्वारा फुटपाथ आदि का निर्माण किया गया था। उसके बाद फुटपाथ के किनारे पड़े मलबे को उसी अवस्था में छोड़ दिया गया। जिस कारण फुटपाथ के साथ बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाई गई नाली भी भर गई। वे इस समस्या को मंडी शुरू होने से पहले भी उठा चुके थे लेकिन यहां की सफाई नहीं हो पाई। इसके अलावा मंडी के फर्श का समतल न होने के कारण बरसाती पानी कहीं कहीं ठहर जाता है उसकी निकासी की व्यवस्था भी जिला प्रशासन को करनी चाहिए।

किसान करते रहे खरीद का इंतजार

आढ़ती यूनियन के प्रधान विनोद पूनिया ने बताया कि मंडी में कई स्थानों पर सीलन वाला धान खुले में सुखाया जा रहा था, ऐसे में बरसात आने के दौरान उसे तिरपाल से तो ढक दिया गया लेकिन नीचे से निकले बरसाती पानी की वजह से उसकी गुणवत्ता खराब हो गई। सरकार द्वारा 2300 रुपये क्विंटल की दर से बाजरा खरीदा जाना था। इसी के इंतजार में किसानों द्वारा बाजरा मंडी में रखा था। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से लगता है कि सरकार द्वारा एमएसपी व खरीद की घोषणा केवल वोट के लिए जारी की गई थी न कि किसान के लिए।



झज्जर। शहर के भट्टी गेट क्षेत्र में राजकीय स्कूल के सामने बरसाती पानी की वजह से हुआ जलभराव।

जिले में हुई बरसात (एमएम में)

झज्जर : 5	मातनहेल : 2
बादली : 2	साल्हावास : 10
बेरी : 8	बहादुरगढ़ : 4

बरसात से मौसम में घुली ठंडक किसानों की बढ़ी चिंता

झज्जर/बहादुरगढ़। वीरवार सुबह एकाएक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में काले बादल छा गए। ठंडी हवाओं के बीच रूक रूक कर कभी हल्की और कभी तेज बारिश होने लगी, जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं बरसात के कारण तापमान में गिरावट आ गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। देर रात भी झज्जर में तेज बारिश हुई। उधर, बारिश के कारण किसानों को अपनी फसल की चिंता सताने लगी है। किसान कृष्ण गुलिया ने बताया कि यह बरसात धान के लिए नुकसानदायक है। तेज हवाओं के कारण फसल नीचे गिर गई है। जिसके कारण उत्पादन कम होगा और रंग में भी बदलाव से दाम गिरेंगे। बेल व पत्तेदार सब्जियों की फसल भी प्रभावित होगी। वहीं, बहादुरगढ़ में भी सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। करीब आठ बजे बूंदाबांदी हुई। दोपहर के वक्त 4 एमएम बरसात हुई। करीब 3 बजे धूप निकली।

बाजरा और धान की फसल खरीद के समुचित प्रबंध के दावे नहीं चढ़ रहे सिरे

झज्जर (हरिभूमि न्यूज)। खरीफ फसल के खरीद सीजन के दौरान बाजरा और धान की खरीद व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पूरी तरह सक्रिय होने का दावा किया है। डीसी वर्षा खांगवाल ने वीरवार को जिले की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों के नोडल अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों द्वारा फसल लेकर आने से लेकर उनकी फसल की खरीद उपरांत उन्हें निर्धारित पेमेंट देने व खरीदी गई फसल का नियमित उठान करवाने में सभी नोडल अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि जिले की आठ अनाज मंडियों एवं खरीद केंद्रों में अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की हुई है। नियुक्त नोडल अधिकारी खरीद प्रक्रिया की निगरानी करेंगे, जबकि ड्यूटी मजिस्ट्रेट-कम-शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष और सदस्य किसानों व आढ़तियों की समस्याओं के समाधान, परिवहन व्यवस्था, मजदूरों की उपलब्धता और फसल उठान पर नजर रखेंगे। हालांकि प्रशासन के यह दावे जमीन पर खरे उतरते नहीं दिखाई दे रहे। न तो बाजरे की सरकारी खरीद ही हो रही और न ही खुले में रखे धान की व्यवस्था हो पा रही है।

बिजली गिरने से व्यक्ति की मौत

झज्जर। वीरवार सुबह बरसात के दौरान सुरेहती में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 50 वर्षीय सुंदर पुत्र रामफल के तौर पर हुई है। मृतक सुंदर भेड़-बकरियां पालन का करता था। वह वीरवार को भी बकरियां चराने के लिए खेत में गया हुआ था। मृतक के पुत्र रोहित ने बताया कि बरसात थमने के बाद उन्हें गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके पिता की मौत की सूचना दी। वह खेत में पहुंचे तो देखा कि उसके पिता का शव झुलसी हुई अवस्था में एक पेड़ के नीचे पड़ा था।

पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर साइबर ठगों ने युवती से 26 हजार रुपये ऐंठे

- टेलीग्राम ग्रुप से हैंडरिटन असाइनमेंट का दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। अब शातिरों ने 2 युवतियों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया। एक युवती को दादा का परिचित बनकर चपत लगाई तो दूसरी को घर बैठे काम देने के नाम पर आर्थिक चोट पहुंचाई। दोनों युवतियों की शिकायतों पर साइबर थाना झज्जर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में बाढ़सा निवासी युवती ने कहा कि 5 अक्टूबर को उसे टेलीग्राम ग्रुप से हैंडरिटन असाइनमेंट के लिए मैसेज आए। ग्रुप में कहा गया कि 25 हजार रुपये का काम देंगे लेकिन इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए साढ़े 500 रुपये फीस ऑनलाइन मंगवाई। इसके बाद डिलीवरी चार्जेज सहित अन्य हवाले देकर 25 हजार 942 रुपये वसूल लिए। फिर और पैसों की डिमांड की तो ठगी का आभास हुआ। इसके बाद ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

दादा का परिचित बनकर 96966 रुपये ठगे

सेक्टर 2 की निवासी एक छात्रा का कहना है कि गत 9 अक्टूबर को एक व्यक्ति का फोन आया। खुद का नाम मनोज बताने वाले उस शख्स ने कहा कि मैं आपके दादा का दोस्त बोल रहा हूं। मुझे आपके दादा के 7 हजार रुपये देने हैं। इसके बाद उसने 3 और 4 हजार के दो फेक मैसेज भेजे। फिर कहा कि 4 की जगह गलती से 40 हजार रुपये भेज दिए हैं। उन्होंने वापस रुपये मांगे। इस तरह से धोखा देकर उससे 96 हजार 999 रुपये ऐंठ लिए। पुलिस इन दोनों मामलों की जांच में जुटी है।

फोन चोरी कर खाते से रुपये निकाले

बहादुरगढ़। डाबोदा के निवासी एक व्यक्ति का बहादुरगढ़ में झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी हो गया। इतना ही नहीं, मोबाइल चोरी करने के बाद खाते से भी रुपये साफ कर दिए गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वारदात मोहन के साथ हुई है। मोहन का कहना है कि गत 4 अक्टूबर को वह सब्जी मंडी में गए थे। इसी दौरान मोबाइल गुम हो गया। फिर 5 को नई सिम निकलवाई। दस अक्टूबर को खाते से रुपये निकलने के बारे में पता चला। बैंक में जाकर रिकॉर्ड लिया तो पता चला कि 4 से 10 अक्टूबर तक दोनों खातों से 1 लाख 35 हजार 807 रुपये कटे हैं।

फोन हैक कर खाते से 2.17 लाख उड़ाए

बहादुरगढ़। मोबाइल हैक कर खाते से रुपये निकालने के मामलों में भी वृद्धि हो रही है। शास्त्री नगर के एक व्यक्ति के साथ भी ऐसी ही वारदात हुई है। यहां के निवासी जगबीर का कुछ समय पहले फोन हैक हो गया था। इस दौरान फोन से रुपये साफ कर दिए गए। बाद में उन्होंने फोन में सॉफ्टवेयर अपडेट कराया तो सारा रिकॉर्ड भी खत्म हो गया। उन्होंने बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाई तो खाते से 2 लाख 17 हजार रुपये गायब मिले। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सांखोल से लापता हुए दो बच्चे लौटे, दो की तलाश जारी

बहादुरगढ़। सांखोल से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता 2 बच्चे सकुशल बरामद हो गए हैं, जबकि 2 अन्य की तलाश जारी है। पुलिस की कई टीमें बच्चों की तलाश में भागदौड़ कर रही हैं। दोपहर तक कुछ सुराग नहीं लग पाया था। दरअसल, सांखोल गांव में रह रहे प्रवासी मूल के कुछ बच्चे मंगलवार की दोपहर को नाला रोड पर खेल रहे थे। इसी दौरान 4 बच्चे गायब हो गए। चारों की उम्र 13 से 15 साल है। शाम तक नहीं लौटे तो 3 बच्चों सुमित, आशीष और नजीम के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

सेक्टर 6 थाना पुलिस ने अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज किया। सीसीटीवी खंगालनी शुरू की। इसी बीच बुधवार की रात को सुमित व नजीम वापस घर लौट आए। आशीष व एक अन्य का कुछ सुराग नहीं लगा। ग्रामीणों के अनुसार, वापस लौटे बच्चों ने बताया कि वे खेलते-खेलते निकल गए थे। सुमित व नजीम सेक्टरों की तरफ चले गए और बाकी अन्य दो ने दिल्ली की ओर जाने की बात कही। सुमित और नजीम दिनभर सेक्टरों में रहे और फिर पार्क में रात गुजारी। इसके बाद वे अगले दिन वापस लौटे।



डीघल में पुलिस चेकिंग

झज्जर (हरिभूमि न्यूज)। नशीले पदार्थों की तस्करी तथा अवैध हथियार रखने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के उद्देश्य से वीरवार को गांव डीघल में डॉग एस्कॉर्ट की सहायता से सर्च अभियान चलाया गया। चौकी प्रभारी डीघल एएसआई अश्विंदर सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के सर्च अभियान चलाए जाते हैं।

जीपीएस के कारण भाजपा जिला उपाध्यक्ष की चोरी हुई गाड़ी गाजियाबाद में मिली

- सेक्टर 6 से क्रेटा सवार तीन चोर चुराकर ले गए थे गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज की ब्रेजा गाड़ी वीरवार सुबह सेक्टर-6 स्थित उनके घर के बाहर से चोरी हो गई। गाड़ी में लगे जीपीएस की मदद से उसे गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया गया।

नरेश भारद्वाज के अनुसार, चोर वीरवार सुबह करीब 4 बजे उनके घर के बाहर पहुंचे थे। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध दिल्ली नंबर की क्रेटा गाड़ी में आते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उन्होंने घर के बाहर खड़ी ब्रेजा गाड़ी के लॉक सिस्टम से छेड़छाड़ कर उसे तोड़ दिया और गाड़ी ले गए। गाड़ी चोरी का पता चलने पर उन्होंने गाड़ी का जीपीएस ऑन कर उसकी लोकेशन ट्रैक की और शहर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। जीपीएस की लोकेशन के आधार पर गाड़ी की तलाश करते हुए वे करीब दोपहर 12 बजे गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में पहुंचे। वहां पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद गाड़ी वापस बहादुरगढ़ ले आए।

निगरानी वायु प्रदूषण के मामले में 2023-24 में हॉट स्पॉट रहा था खैरपुर

प्रदूषण मापने के लिए खैरपुर गांव में लगाया सेंसर मीटर

- उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक बोले-वायु प्रदूषण रोकने के लिए पराली जलाने वाले किसानों पर रखेंगे नजर, 30 हजार रुपये तक लगाया जाएगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वायु प्रदूषण के स्तर पर नजर रखने के लिए कृषि विभाग ने गांव खैरपुर में एयर क्वालिटी पीएम 2.5 सेंसर लगाया है। वर्ष 2023-24 में वायु प्रदूषण के मामले में हॉट स्पॉट रहे इस गांव में अब सेंसर के माध्यम से प्रदूषण के स्तर की लगातार निगरानी की जा सकेगी। उप कृषि निदेशक झज्जर के आदेशानुसार लगाए गए इस सेंसर से वायु गुणवत्ता की स्थिति का पता चलता रहेगा।



बहादुरगढ़। एक किसान के यहां सेंसर मीटर लगाने पहुंचे अधिकारी राकेश राणा।

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक ने बताया कि पराली जलाना वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है। इसे रोकने के लिए प्रशासन ने सख्ती की है। पराली जलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पराली जलाने पर 2 एकड़ तक 5 हजार रुपये, 2 से 5 एकड़ तक 10 हजार रुपये और 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 30 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा संबंधित किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री के लिए सिफारिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत फसल अवशेष न जलाने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए कृषि विभाग, खंड एवं पंचायत विकास विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सत्यापन किया जाएगा।

फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें

डॉ. सुनील कौशिक ने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने के बजाय फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि विकास अधिकारी या उपमंडल कृषि अधिकारी, बहादुरगढ़ के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। बता दें कि पराली जलाने की वजह से एकाएक इन दिनों में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। इस वजह से सरकार पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को कम करने के प्रयास कर रही है।

फूड एंड सेफ्टी विभाग ने सामक व कुट्टू के आटा के छह सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा वीरवार को शहर में नवरात्र से संबंधित खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुराना बस स्टैंड रोड और गुरुग्राम रोड स्थित सिलानी गेट क्षेत्र की दुकानों से कुट्टू के आटे व सामक सहित कुल छह सैंपल लिए गए। फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर डॉक्टर राजेश वर्मा ने बताया कि टीम में डाटा एंट्री ऑपरेटर मंदीप और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मनोज शामिल रहे। इसके अलावा टीम ने बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मेले का भी निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों को हल्की गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री बेचने से बचने और लोगों को गुणवत्तापूर्ण सामान उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए।

बेरी मेले का भी दौरा कर दुकानदारों को चेताया

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।



एआई इमेज

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इमेज

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'



एआई इमेज

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

भाजपा से जुड़े 8 पार्षदों ने उठाए सवाल, खींचतान से विकास कार्य प्रभावित

जनता ने काम करने के लिए चुना है आरोप-प्रत्यारोप के लिए नहीं: अशोक

पार्षद बोले-विकास कार्यों की घोषणा हो चुकी है तो धरातल पर उतारने में देरी क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाते भाजपाई पार्षद।

नगर परिषद में चल रही आपसी खींचतान का असर शहर के विकास कार्यों पर पड़ने के आरोप लगाते हुए पार्षदों ने कई सवाल उठाए। पार्षदों ने सेक्टर-2 की सड़कों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि करीब साढ़े 7 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को लेकर नारियल फोड़ा गया था, लेकिन अब तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हुई और काम भी शुरू नहीं हो पाया है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब विकास कार्यों की शुरुआत की घोषणा कर दी गई थी तो उन्हें धरातल पर उतारने में देरी क्यों हो रही है। इस अवसर पर पार्षद अशोक शर्मा ने कहा कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को विकास कार्य करवाने के लिए चुना है खींचतान करने के लिए नहीं। पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा ने अपनी दादी रिसालो देवी के नाम से संचालित फाउंडेशन का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्था पिछले सात वर्षों से तीन बसों के माध्यम से गांवों से बच्चियों को पढ़ाई के लिए शहर लाने का काम कर रही है। सरकार की नीति के अनुसार एनजीओ को पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई थी, हालांकि मार्च के बाद से भुगतान नहीं किया गया। पार्कों की मौजूदा स्थिति के बारे में सेक्टर निवासी खुद बता सकते हैं। जबकि आरोप लगाने वाले रेलवे पार्क समेत कई पार्कों के रखरखाव में एक अन्य फाउंडेशन के नाम से गोलमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने विधानसभा चुनाव के दौरान दिनेश कौशिक की मदद नहीं की, वह अब उनके साथ नजर आ रहा है। जबकि 26 पार्षदों ने इन्हीं हरकतों के कारण एकमत होकर उसे पद से हटाया था। स्वीपिंग मशीन को लेकर उन्होंने बताया कि मशीन के संचालन के लिए ड्राइवर आदि की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने टेंडर लगाया था। आरोप है कि चेयरपर्सन ने 17 तारीख को टेंडर रद्द करने के निर्देश दिए और फिर 28 तारीख को पत्र लिखकर उसी प्रक्रिया के तहत टेंडर लगाने को कहा। इस तरह के फैसलों से कामकाज प्रभावित होने की बात कही गई।

पार्षद राजेश मकड़ौली ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में देरी हो रही है, जबकि मौजूदा कार्यकाल का एक साल भी पूरा नहीं बचा है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को आपसी विवाद छोड़कर जनता से किए वादे पूरे करने पर ध्यान देना चाहिए। शहर में वाल्मीकि समाज की धर्मशाला की जरूरत को देखते हुए सरकार के संज्ञान में मामला लाया गया था। इसके बाद प्रस्ताव पास हुआ, चेयरपर्सन ने नारियल फोड़ा, चारदीवारी का काम हुआ और टेंडर भी लगाया गया।

अब धर्मशाला का निर्माण नहीं करवाने की बात कही जा रही है, जो उचित नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे राजनीतिक खींचतान का शिकार हुए बिना नियमानुसार विकास कार्य करवाएं। इस दौरान हरिमोहन धाकरे, अश्वनी शर्मा, पवन रोहिल्ला, अनिल सिंहल और योगेश धनखड़ आदि ने भी सभी जनप्रतिनिधियों से आपसी विवाद छोड़कर शहर के विकास पर ध्यान देने की अपील की।

अपने व्यवहार पर भी नजर डालें : अशोक

पार्षद अशोक शर्मा ने कहा कि दूसरों पर लांछन लगाने से पहले व्यक्ति को अपने कामकाज और व्यवहार पर भी नजर डालनी चाहिए। अगर विकास कार्य ही नहीं होंगे तो जनप्रतिनिधि चुनाव के समय लोगों के बीच क्या मुंह लेकर जाएंगे?

83 लाख से होगा गलियों का कायाकल्प

चेयरपर्सन ने नारियल फोड़ किया शुभारंभ

बलजीत नगर नेताजी नगर अशोक विहार और विकास एनक्लेव में होगा गलियों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। गलियों के निर्माण का शुभारंभ करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने वीरवार को बलजीत नगर, नेताजी नगर, अशोक विहार और विकास एनक्लेव में गलियों के निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इन कॉलोनियों में करीब 83 लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण कराया जाएगा। लंबे समय से बेहतर गलियों की उम्मीद लगाए बैठे स्थानीय निवासियों को इन कार्यों से राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश कौशिक के पुत्र नकुल कौशिक भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

चेयरपर्सन राठी ने बताया कि नगर परिषद के माध्यम से बलजीत नगर और नेताजी नगर में 42 लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, अशोक विहार और विकास एनक्लेव में 41 लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण कार्य किया जाएगा। इन क्षेत्रों में आठ गलियों के साथ नेताजी नगर की दो अन्य गलियों के निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इन कॉलोनियों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में सुधार होगा। राठी ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और निकाय मंत्री विपुल गोयल के मार्गदर्शन में शहर के प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। गलियों के निर्माण से लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी और कॉलोनियों की स्थिति बेहतर होगी।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर पालेराम शर्मा, दिनेश शेखावत, राजेश तंवर, प्रवीण छिल्लर, नकुल चोपड़ा, सोनू मान, पंकज गर्ग, सुखबीर जून, सुरेंद्र बड़क, नरेश नागर, हरमंदिर राणा, सत्यवान तोमर, पंकज शर्मा, कृष्ण बामणिया, बंटी रुहील, नरेश कालखंडा, सोनू राणा, सतबीर, फूल सिंह, राजबाला, वीरमती, संतरा, शमशेर, बलराज गुरुजी, दीपक अहलावत, विशाल और सुमित बराही आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

डीसी ने की एसआईआर कार्यों की समीक्षा

झज्जर। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने कहा कि एसआईआर के तहत जिले भर में कार्य पारदर्शी तरीके से चल रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य साफ है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से न छूटे। उन्होंने कहा कि जिले में अब तक करीब 1 लाख 53 हजार 34 नोटिस जारी किए गए, जो सभी संबंधित लोगों तक पहुंचा दिए गए हैं। जिनमें से 1 लाख 49 हजार 286 की सुनवाई पूरी हो चुकी है,बाकी की सुनवाई प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान फॉर्म 6, 7 और 8 के तहत जिले में 30 हजार 713 आवेदन मिले, इनमें से करीब 18 हजार 653 आवेदनों का निस्तारण किया जा चुका है।

जागरण स्थल पर मंडल ने किया भूमि पूजन

बहादुरगढ़। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती युवा मित्र मंडल बहादुरगढ़ द्वारा मां भगवती का विशाल जागरण किया जा रहा है। शुक्रवार 23 अक्टूबर को सेक्टर-9 में हुडा ग्राउंड पर होने वाले जागरण को सफल बनाने के लिए मंडल के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। वीरवार को भूमि पूजन कर ध्वजा स्थापित की गई। इस मौके पर ऋषि भारद्वाज, शिव शंकर बंसल, हरिओम गर्ग, कृष्ण छिकारा, पंकज कुमार, मनोज, दिनेश, धीरज, अनिल वत्स, दिनेश मित्तल, राजन गुलाटी व अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

मंडी में फसल को सुरक्षित रखने का दावा



झज्जर। अनाज मंडी बेरी में बरसात से बचाव के लिए किए जा रहे प्रबंधों का जायजा लेती एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि बरसात के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा जिले की सभी अनाज मंडियों में खरीफ फसल को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। मंडियों में खुले में रखी खरीफ फसल को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल से ढका गया है, ताकि प्रतिकूल मौसम के कारण किसानों की मेहनत से उपजी फसल को किसी प्रकार का नुकसान न हो।



ग्रामीणों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

झज्जर। वीरवार को गांव गुढ़ा में ग्रामीणों और महिलाओं को डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी एपीके फाइल, अनजान लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी। साइबर क्राइम प्रबंधक दर्शन सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को डराकर, लालच देकर या उनकी निजी जानकारी हासिल करके ठगी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति वीडियो कॉल पर खुद को पुलिस अधिकारी या किसी सरकारी एजेंसी का कर्मचारी बताकर गिरफ्तारी का डर दिखाए और पैसों की मांग करे, तो उसकी बातों में न आएं। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाएं।

रेलवे पार्क में बिजली मीटरों के पास कूड़ेदान बनाने से बढ़ी मुश्किलें

बहादुरगढ़। लाइनपार क्षेत्र के हरि नगर में स्थानीय निवासियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। रेलवे पार्क में बिजली के खंभे के निकट कूड़ेदान बनाए जाने से लोग नाराज हैं। स्थानीय निवासी सुरेंद्र चौहान ने आरोप लगाया कि यहां कूड़ेदान बनाए जाने से बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरेंद्र चौहान के अनुसार बिजली के खंभे पर लगे मीटरों के पास कूड़ा जमा होने के कारण बिजली निगम के कर्मचारियों को रीडिंग लेने में दिक्कत आती है। वे कूड़े के ढेर पर चढ़कर रीडिंग नहीं लेते। ऐसे में समय पर रीडिंग नहीं होने से उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल एवरेज के हिसाब से भरना पड़ रहा है, जिसके कारण आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रो. सीमा प्रवीन दलाल ने कहा कि यदि किसी स्थान पर कूड़ेदान बनाने से आम जनता को परेशानी हो रही है, बिजली मीटरों की रीडिंग प्रभावित हो रही है और पार्क में गंदगी फैल रही है, तो जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस व्यवस्था में बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों की समस्याओं को नजरअंदाज करना और जनहित से जुड़े मुद्दे का समाधान न करना उचित नहीं है।

बादली में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

स्व. केडी शर्मा की 84वीं जयंती के अवसर पर राजकीय वमावि में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्व. केडी शर्मा के परिजन।

बादली में स्व. केडी शर्मा की 84वीं जयंती के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 21वें स्व. केडी शर्मा मेमोरियल छात्रवृत्ति पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। बादली में हवन-यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया। समारोह के दौरान दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जतिन, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दीपांशु, आठवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वंश तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उत्तम को नगद पुरस्कार, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वर्षभर की शैक्षणिक, शारीरिक एवं खेल गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शुभम को सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं आयुष और तन्मय को श्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों को भी सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।

ये रहे मौजूद

समारोह में लैक्चरर सीमा रानी, निरुपमा, अनीता, मंजू, प्रदीप कुमार, शमशेर, महेंद्र, हर्ष, रवि कुमार व प्रदीप के अलावा राजेश कुमार, संजय शर्मा, सुनील कुमार, हिमांशु, रवि कुमार, देव कुमार, समे सिंह गुलिया, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

दो सप्ताह बाद भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ

बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल की निर्माणधीन बिल्डिंग में मृत मिले लाइनपार निवासी बिट्टू की मौत की वजह 2 सप्ताह बीत जाने के बाद भी सवाल बनी हुई है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है और न ही पुलिस की ओर से इस संबंध में किसी गिरफ्तारी की पुष्टि की गई है। जबकि परिजनों की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज है।

दरअसल, लाइनपार का निवासी बिट्टू 30 सितंबर की शाम को घर से बाहर निकला था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद 1 अक्टूबर की सुबह उसका शव नागरिक अस्पताल की 6 मंजिला निर्माणधीन बिल्डिंग के फर्श पर खून से लथपथ हालत में मिला था। काफी ऊंचाई से गिरकर उसकी मौत हुई थी। तब परिजनों ने हत्या का शक जताया था। जिस पर पुलिस ने हत्या की धारा के तहत केस दर्ज किया। मामले में सामने आया था कि बिट्टू 1 अन्य युवक के साथ अस्पताल की बिल्डिंग में आया था। इसके बाद क्या कुछ हुआ, यह राज बना हुआ है। चर्चा है कि दुर्घटनावश गिरकर उसकी जान गई लेकिन असल पुष्टि तो पुलिस जांच पूर्ण होने के बाद ही हो सकेगी।

राजकीय महिला महाविद्यालय में तनाव के क्षणों में शांत रहने के सरल उपाय सिखाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वीरवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं एनटीएफ प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में स्ट्रेस लेस, लिव बेटर विषय पर एक इंटरेक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया। तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित यह कार्यशाला में मेंटल वेलनेस कोच एवं नेचुरोपैथ लवकेश मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुनीता छिल्लर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रकोष्ठ सदस्य शीतल श्योराण, आरती व डॉ. शशि भारद्वाज ने संचालन किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता लवकेश ने छात्राओं को तनाव के कारणों और उसके मन व शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से श्वास नियंत्रण की तकनीकें (ब्रीदिंग टेक्नीक्स) और विभिन्न व्यायाम सिखाए। छात्राओं ने उनके साथ अभ्यास किया और तनाव के क्षणों में शांत रहने के सरल उपाय सीखे। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास, संतुलित दिनचर्या, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है।

पुलिस ने जितेंद्र हत्याकांड में आरोपी को रिमांड पर लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव डीघल में हुए जितेंद्र हत्याकांड मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी डीघल प्रभारी अश्विंदर सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपी अरविंद्र निवासी धांधलान को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



उपायुक्त ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें

झज्जर। वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी वर्षा खांगवाल ने आमजन की शिकायतों को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

लोगों को न काटने पड़ें चक्कर: उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है, ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

बैठक में एमएसएमई योजनाओं और औद्योगिक विकास पर चर्चा

बैठक में विकास के नए अवसर तलाश ने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। फुटवियर कलस्टर में व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को शहर के सेक्टर-17 स्थित बहादुरगढ़ फुटवियर डेवलपमेंट सर्विसेज में एमएसएमई योजनाओं, क्लस्टर विकास और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक सलीक परवेज और उपनिदेशक सुभाष चंद ने हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान उद्योगों से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करने के साथ-साथ औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और उद्योगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में औद्योगिक क्लस्टर के विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए उपलब्ध योजनाओं तथा उद्योगों को मिलने वाले सहयोग जैसे विषय प्रमुख रहे। उद्योग प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ संवाद कर औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस बैठक को उद्योगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और विकास के नए अवसर तलाशने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में बीएफडीएस एवं एफपीए से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें प्रधान सुभाष जग्गा, एसएल मग्गू, पवन जैन, कंवर भान, देशराज, कवलजीत सिंह, सौरभ गुप्ता, अभय जैन, सचिन, सानिध्य गुप्ता, विपिन मल्होत्रा, सुभाष गोयल, संजय नारंग और सिद्धार्थ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक के माध्यम से उद्योग प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय मजबूत करने तथा एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए उपलब्ध अवसरों पर चर्चा की गई।

रोहतक-दिल्ली ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

बहादुरगढ़। रोहतक-दिल्ली रेल मार्ग पर बीती सायं ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है।

■ कंपनी में काम करती थीं 35 वर्षीय सुमन

मृतका की पहचान करीब 35 वर्षीय सुमन के रूप में हुई है। मूल रूप से बिहार की सुमन यहां छोटूराम नगर में परिवार सहित रहती थी और एक कंपनी में काम करती थी। बुधवार की सायं वह काम से लौट रही थी। जब रेलवे फाटक को क्रास करने लगी तो ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। वीरवार को परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई।

शिविर में ग्रामीणों ने कराई स्वास्थ्य जांच जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाई दीं



झज्जर। वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा क्षेत्र के गांव फैजाबाद में वीरवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर चरण सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल से भी अवगत कराया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

बेरी में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन

स्कंदमाता का गुणगान कर मांगलिक कार्यों की पूर्ति का मांगा आशीर्वाद





बेरी। मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा व मां भीमेश्वरी देवी के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

बाजार में भी रौनक, व्रत से जुड़ी वस्तुओं की लोग कर रहे जमकर खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

नवरात्र महोत्सव के इन दिनों श्रद्धा एवं आस्था का सैलाब मंदिरों में उमड़ रहा हैं। अल-सुबह ही मंदिरों में पूजा एवं अर्चना के साथ श्रद्धालु अपनी दैनिक दिनचर्या को प्रारंभ कर रहे हैं।

नगर के मंदिरों में भी नियमित रुप से धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। जबकि बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर की बात करें तो यहां निरंतर श्रद्धालुओं की भीड़ परिवार सहित पहुंच रही हैं।

श्रद्धालु मां के दर्शन करते हुए अपने परिवार की मंगल कामना की दुआ कर रहे हैं। वीरवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। उधर, बाजारों में व्रत एवं उससे जुड़ी वस्तुओं की जमकर खरीदारी हो रही हैं।

किरयाणे की दुकानों पर विशेष रुप से व्यापारियों की ओर से नवरात्र पर्व से जुड़े सामान को लेकर साज सज्जा की गई हैं।

अलसुबह ही श्रद्धालु लग गए कतार में

बेरी में नवरात्र महोत्सव के पांचवें दिन मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन करने के लिए सुबह चार बजे मां की आरती के बाद दर्शनों का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो दिनभर जारी रहा हैं। नवरात्रों की अष्टमी ज्यों ज्यों नजदीक आती जा रही है बेरी की ओर जाने वाले मार्ग और कस्बे की गलियों में श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। देश के दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग मां भीमेश्वरी देवी की पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। मां भीमेश्वरी देवी के प्रति श्रद्धालुओं की श्रद्धा का सैलाब उमड़ने का दृश्य देखते ही बनता है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से कस्बे में काफी रौनक बनी हुई। वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वन को चले श्रीराम, सीता व लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



शहर के पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रही श्रीलवकुश रामलीला में मंचन के दौरान बुधवार की रात्रि अयोध्या नरेश महाराज दशरथ से महारानी कैकेयी द्वारा दो वरदानों के रूप में श्रीराम को वनवास व भरत के लिए राजगद्दी मांगने, वन गमन को निकले भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण के वियोग में महाराज दशरथ द्वारा अपने प्राण त्यागने के दृश्यों का मंचन किया गया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि जब श्रीरामचंद्र जी, सीता व लक्ष्मण के साथ वन जाने की आज्ञा लेने के लिए अपनी तीनों माताओं के पास जाते हैं तब रानी कौशल्या व सुमित्रा उन्हें नम आंखों से विदा करती हैं। इसके बाद जब वे महारानी कैकेयी के पास पहुंचते हैं तो मन ही मन खुश होती हैं। उन्हीं के सामने राजसी वस्त्र का त्याग वनवासी वेश धारण करने का मंचन किया जाता है। इस मार्मिक दृश्य में जहां श्रीराम सहज भाव से अपने मुकुट व आभूषण उतारकर वनवासी वेश धारण करते हैं वहीं लक्ष्मण रुष्ट स्वभाव में अपने मुकुट व आभूषणों को महारानी कैकेयी की तरफ फेंकते हैं। इसके उपरांत तीनों वनवासी वस्त्र धारण किए महामंत्री सुमंत के साथ वनों को प्रस्थान करते हैं। उधर, दिन के समय होने वाली प्राचीन रामलीला में भी इन्हीं दृश्यों का मंचन किया गया।

बाबा कांशीगिरी मंदिर से मां भीमेश्वरी देवी मंदिर तक निकाली यात्रा



झज्जर। तेरे दरबार में मैया खुशी मिलती है.. चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.. भजनों पर नाचते हुए श्रद्धालु माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन के लिए पैदल धर्मनगरी बेरी पहुंचे। पैदल यात्रा के दौरान भक्ति गीत और माता के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने बेरी वाली मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पैदल यात्रा में मां भगवती की भव्य झांकी भी सजाई गई। शोभायात्रा में मां की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इससे पूर्व समिति के प्रधान सुधांशु हंस ने मां भगवती की ज्योत जलाकर पैदल यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान पंडित पवन कौशिक, अश्वनी शर्मा, भारत भूषण नंदा, वीरभान वर्मा, हरिकिशन मिगलानी, सुनील शर्मा, सुभाष वर्मा, सुंदर वर्मा, राजेंद्र वधवा, सतीश वर्मा, मोहित गाबा, संगीता वर्मा, हिमांशी अरोड़ा, रुद्र कौशिक, गुरुप्रीत अरोड़ा, आरव वर्मा, भवित, मनोहर लाल, तुशु बहल, भावना काठपालिया, आशू बजाज, सक्षम वर्मा, ध्रुव सेठी, आंचल सेठी, प्रिंस सेठी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



मानव श्रृंखला बनाकर टीम वर्क का दिया संदेश

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान थीम के अंतर्गत आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सेवा, एकता और सहयोग का संदेश दिया। मानव श्रृंखला में विभिन्न व्यवसायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और सामूहिक प्रयासों से आगे बढ़ने का संकल्प लिया। प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों और जन कल्याणकारी गतिविधियों से जोड़ने के लिए संस्थान में निरंतर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें आशीर्वाद का दीया, वोकल फॉर लोकल, रक्तदान शिविर, मेडिकल चेकअप, स्वच्छता अभियान और पौधारोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भावना और सकारात्मक सोच विकसित करना है।



संस्कारम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

झज्जर। संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में भारत के महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती सम्मान के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर उनके प्रेरणादायक जीवन एवं महान उपलब्धियों को याद किया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच रंग भरो, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में उन्होंने अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत कर अपनी अभिव्यक्ति कौशल एवं तार्किक क्षमता को दिखाया। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें डॉक्टर कलाम के आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, दृढ़ संकल्प के साथ मेहनत करने और देश के एक जिम्मेदार एवं योग्य नागरिक बनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।



सेवा सेतु कैंप में स्टॉल लगाकर दी जानकारी

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को सरकारी सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वीरवार को गांव भूरावास और माछरौली ब्लॉक में सेवा सेतु कैंप लगाए गए। गांव भूरावास में जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना और माछरौली ब्लॉक में आनंद सागर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कैंप का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु कैंप में विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी लेने के लिए नागरिकों में उत्साह देखने को मिला है। लोगों ने विभागीय स्टॉल पर पहुंचकर अपनी जरूरत के अनुसार जानकारी प्राप्त की तथा पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया को समझा।



क्रिकेट स्टेडियम में आज सजेगी मानव श्रृंखला

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को क्रिकेट स्टेडियम परिसर में मानव श्रृंखला और प्राकृतिक रंगोली का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सहभागिता से मानव श्रृंखला के माध्यम से विकसित भारत @ 2047 के संकल्प को साकार रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।



श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का महत्व बताया

झज्जर। शहर के पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा सुनने के महत्व से अवगत कराया गया। कथा व्यास पंडित अरविंद शास्त्री ने भागवत प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व और इसके श्रवण से मिलने वाले आध्यात्मिक लाभों बारे भी विस्तारपूर्वक बताया। कथा व्यास ने महाभारत से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को जीवन के वास्तविक उद्देश्य का बोध कराती है। राजा परीक्षित की कथा के माध्यम से उन्होंने समझाया कि मनुष्य को अपने जीवन में सत्कर्म, भक्ति और सद् विचारों को महत्व देना चाहिए। कथा का श्रवण मन को शांति प्रदान करने के साथ-साथ ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास को मजबूत करता है।



सितार वादन में छात्रा तन्नू ने पाया पहला स्थान

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के संगीत विभाग में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनकी वाद्य वादन कला को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सितार वादन, हारमोनियम वादन और तबला वादन आदि वाद्य वादन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राध्यापक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने किया। कार्यक्रम का आयोजन संगीत विभागाध्यक्ष डॉक्टर तमसा और संगीत प्राध्यापक अनमोल ने किया। डॉक्टर तमसा ने कहा कि सितार वादन प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तन्नू ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष के छात्र कपिल ने द्वितीय तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नीतू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हारमोनियम वादन प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सलोनी प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विवेक द्वितीय तथा बीए प्रथम वर्ष के छात्र कपिल तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, तबला वादन प्रतियोगिता में भव्य ने प्रथम और रोहित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



छात्राओं ने पोस्टर-रंगोली बनाई, स्लोगन-निबंध लिखे

■ जसौरखेड़ी कॉलेज में शुरू हुआ दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम परवाज का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन, रंगोली निर्माण व मेहंदी लगाओ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा और विचारों को उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप किराड़ ने इस प्रकार की गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का आयोजन संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ. सुनैना की देखरेख में किया जा रहा है। सफल संचालन में डॉ. सुनील, डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रियंका व अनिल कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डॉ. सुनैना ने कहा कि छात्राओं की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच दिया जा रहा है। इन सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम 17 अक्टूबर को कार्यक्रम के समापन समारोह में घोषित किए जाएंगे।

एचडी साल्हावास की अंडर-17 और अंडर 14 टीमें बनीं सीबीएसई नेशनल चैंपियन

■ अंडर 17 में जतिन और अंडर-14 वर्ग में रिंकू बेस्ट प्लेयर घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में आयोजित सीबीएसई नेशनल हैंडबाल चैंपियनशिप-2026 में एच डी साल्हावास की अंडर-17 और अंडर-14 दोनों टीमों ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है।

विद्यालय की इस दोहरी उपलब्धि पर एच डी प्रबंधन समिति द्वारा दोनों विजेता टीमों को एक-एक लाख रुपये तथा हैंडबाल कोच को 11 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। हैंडबाल कोच नकुल जाखड़ ने बताया कि विद्यालय की दोनों टीमों ने लीग पूल में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। अंडर-17 टीम ने फाइनल में ओमान की टीम को 23-16 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर-14 टीम ने दिल्ली कैंट की टीम को 17-12 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

राष्ट्रीय स्तर पर दोनों आयु वर्गों में एक साथ स्वर्ण पदक जीतना क्षेत्र, जिले और प्रदेश के लिए गर्व की बात है। विद्यालय की अंडर-17 टीम के खिलाड़ी जतिन तथा अंडर-14 टीम के खिलाड़ी रिंकू को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया।

एच डी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर एक ही विद्यालय की दो टीमों का स्वर्ण पदक जीतना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वहीं एच डी ग्रुप के सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्या प्रीति राठी और एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने खिलाड़ियों, कोच नकुल जाखड़ तथा रामभगत जाखड़ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। अंडर-17 और अंडर- 14 आयु ग्रुप के विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि



भावी अध्यापिकाओं ने किया पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम को याद

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में विश्व विद्यार्थी दिवस के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। भावी अध्यापिकाओं ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को नमन करते हुए उनके प्रेरणादायी जीवन, वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया। भावी अध्यापिकाओं ने हवाई जहाज का प्रतीकात्मक चित्र बनाकर अपने सपनों को नई उड़ान देने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन हमें बड़े सपने देखने, निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।



मॉडर्न स्कूल में हुआ अलंकरण समारोह

बहादुरगढ़। शहर के मॉडर्न स्कूल में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिया को हेड गर्ल तथा देवांश को हेड बॉय नियुक्त किया गया। निकिता गुडियान को स्कूल प्रेसिडेंट तथा काजल को वाइस प्रेसिडेंट का दायित्व सौंपा गया। वीरवार को मॉडर्न स्कूल में हुए समारोह में नवनियुक्त विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को उनके पदों के अनुरूप दायित्व सौंपे गए तथा उन्हें पद की गरिमा बनाए रखते हुए ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। समारोह में विद्यालय के निदेशक कोच राकेश सांगवान, उर्मिला सांगवान, प्रधानाचार्या मोना सिक्का समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान कक्षा प्रतिनिधियों, विभिन्न सदनों के हाउस कैप्टन एवं स्पोर्ट्स कैप्टन को भी उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। स्कूल निदेशक राकेश सांगवान ने कहा कि नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्या मोना सिक्का ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्षता, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5×8 सें.मी 10× 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

इंटर-कॉलेज बॉक्सिंग में दक्ष को रजत पदक मिला

दीपांशु और साहिल ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एमडीयू इंटर-कॉलेज बॉक्सिंग (पुरुष) प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की बॉक्सिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया है। दीपांशु ने स्वर्ण, साहिल छिकारा ने स्वर्ण और दक्ष ने रजत पदक जीता।

प्राचार्या सुमन हुड्डा व शारीरिक शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमित छिकारा के मार्गदर्शन में बहादुरगढ़ कॉलेज के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम प्रभारी नीरज सोलंकी की देखरेख में खिलाड़ियों ने रिंग में बेहतरीन पंच लगाए और विजेताओं की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। बीए द्वितीय वर्ष के दीपांशु ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, बीए तृतीय वर्ष के साहिल छिकारा ने 92 प्लस किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक और बीए प्रथम वर्ष के दक्ष ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया।

इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही, तीनों पदक विजेता छात्रों ने अगले स्तर की उच्च प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने के लिए क्वालिफाई कर लिया है। विजेता टीम के कॉलेज पहुंचने पर पूरे स्टाफ ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। सभी स्टाफ सदस्यों ने तीनों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व संस्थान का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने विजेता खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।



बहादुरगढ़। पदक विजेता बॉक्सर दीपांशु, साहिल व दक्ष।